64302

III Semester B.B.A./B.H.M. Examination, April/May 2023
(Repeaters) (2016 – 17 Onwards) (CBCS)
LANGUAGE HINDI (Paper – III)
Natak, Sarkari Patra Aur Sankshepan

Time : 3 Hours

Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक शब्द** या **वाक्य** में लिखिए । **(10×1=10)**

1) श्यामांग के बारे में अलका के मन में कैसी भावना है ?

2) रानी यशोधरा क्या बनने जा रही थी ?

3) 'लहरों के राजहंस' नाटक के नाटककार का नाम लिखिए ।

4) कमलताल में किनका कलरव चल रहा था ?

5) कपिलवस्तु में कामोत्सव का आयोजन किसने किया ?

6) नन्द बुद्ध के पास किस लिए जाते हैं ?

7) सुन्दरी के अनुसार सुबह का सपना कैसा होता है ?

8) भिक्षु आनन्द किसके शिष्य थे ?

9) कपिलवस्तु के राजभवन का प्रधान कर्मचारी कौन है ?

10) नन्द ने जंगल में किसका पीछा किया था ?

II. निम्नलिखित में से किन्हीं दो का संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए । **(2×6=12)**

1) नारी का आकर्षण पुरुष को पुरुष बनाता है, तो उसका अपकर्षण उसे गौतम बुद्ध बना देता है ।

2) उस समय तुम क्रोध में थी, तो कितनी उग्र, कितनी कठोर, कितनी पुखर लग रही थी । इस समय सो रही हो, तो कितनी करुण, कितनी निर्भर, कितनी अबोध लग रही हो ।

3) नि:सन्देह तुम्हारी अपनी इच्छा थी । परंतु ऐसी इच्छा तुम्हारी हो सकती है, इसका अनुमान तथागत को था ।

4) तो मेरी बात मानें और कुछ देर विश्राम कर लें । मैं सुगन्धि-जल से माया सहलाऊँगी, तो सम्भव है घड़ी-दो घड़ी नींद भी आ जाए ।

SRI BHAGWAN MAHAVEER JAIN FIRST GRADE COLLEGE KGF - 563 122

III. 'लहरों के राजहंस' नाटक में नन्द और सुन्दरी के जीवन-शैली पर प्रकाश डालिए । (1×12=12)

अथवा

'लहरों के राजहंस' नाटक की कथावस्तु लिखकर उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।

IV. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : (1×6=6)

1) श्यामांग ।

2) अलका ।

V. किन्हीं **दो** पत्रों को लिखिए : (2×10=20)

1) जिलाधीश, कानपुर की ओर से पुलिस अधीक्षक, कानपुर को एक अर्द्ध-सरकारी पत्र लिखिए, जिसमें नगर में प्रधानमंत्री के आगमन पर उचित सुरक्षा व्यवस्था करने की सूचना दी गई हो ।

2) उपसचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से सभी राज्य-सरकारों के मुख्य सचिवों को एक परिपत्र लिखिए, जिसमें मासूम बच्चों पर हो रहे अत्याचार की पूर्ण रूप से रोकने के ठोस उपाय की सूचना हो ।

3) सचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय, कर्नाटक सरकार की ओर से एक अधिसूचना तैयार कीजिए, जिसमें 'जयदेवा अस्पताल' के अपर अधीक्षक, श्री राकेश मल्होत्रा को उसी अस्पताल के अधीक्षक की पदोन्नति करने की घोषणा हो ।

VI. उचित शीर्षक देते हुए **एक तिहाई** शब्दों में संक्षिप्तीकरण कीजिए : (1×10=10)

रुचि उत्पन्न करने के पश्चात विक्रयकर्ता को चाहिए कि वह ग्राहक के मस्तिष्क में वस्तु विशेष के क्रय के लिए इच्छा जागृत करें, जिससे वह उस वस्तु की माँग करके खरीदने के लिए तत्पर हो जाए । विक्रय प्रस्तुतीकरण की वह अवस्था है, जिसमें वह संभावित ग्राहक को यह प्रदर्शित एवं प्रमाणित करता है कि उसकी वस्तु ग्राहक की आवश्यकता की पूर्ण संतुष्टि करेगी । यद्यपि उसकी आवश्यकता को पूरा करने वाली अनेक वस्तुएँ हो सकती है किन्तु उसे यही कहना चाहिए कि उसकी वस्तु श्रेष्ठतर है ।

MAHAVEER JAIN ... KGF 563 122